एक नया इतिहास रचें हम...

समावर्तन

२०१४



MPM LIBRARY 102/01
10641

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर-२७३०१४ (उ.प्र.)
web : www.mpm.edu.in • e-mail : mpmpg5@gmail.com
फोन : ०५५१-२१०५४१६

हमारे आदर्श

स्वदेश, स्वधर्म,
परमवीर महाराणा प्रताप
श्रीमुख से निःसृत-
'जननी जन्म भूमिश्च स्वग
और पुण्य प्रताप महाराणा
'जो हठि राखे धर्म को तिहि
हमारे सदा स्मरणीय बोधव
पर स्थापित करने के पीछे
करने वाला युवा आधुनिक
और समाज के प्रति सहज निष्ठा और अटूट श्रद्धा का पाठ भी पढ़े।

महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर (उ.प्र.) 273014
ग्रन्थालय
परिग्रहण सं. 10641
आह्वान सं. ....



महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के संस्थापक

शिक्षा के प्रसार को लोक जागरण और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का सशक्त माध्यम स्वीकार करते हुए ब्रह्मलीन पूज्य महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने शैक्षिक दृष्टि से अत्यन्त पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश के केन्द्र एवं अपनी कर्मस्थली गोरखपुर में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक की शिक्षण संस्थाओं को संचालित करने हेतु महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की १६३२ ई० में स्थापना कर शिक्षा क्षेत्र में अविस्मरणीय भूमिका की नींव रखी। वर्तमान में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत संचालित तीन दर्जन से भी अधिक शिक्षण-संस्थाओं में २५ हजार से भी अधिक छात्र-छात्रायें कला, विज्ञान, वाणिज्य, साहित्य, चिकित्सा और प्राविधिक विषयों में परम्परागत तथा आधुनिक विषयों की शिक्षा ले रहे हैं।



महाराणा प्रताप महाविद्यालय के संस्थापक

अपने वरेण्य गुरुदेव युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के बहुआयामी सपनों को साकार करने में निरन्तर संलग्न सामाजिक समरसता के उद्गाता, राष्ट्रवादी राजनीति के पुरोधा और अप्रतिम धर्मयोद्धा वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर श्री महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने सन् १६३२ ई० में गुरुदेव द्वारा स्थापित 'महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद' को अपनी निष्ठा, सुदीर्घकालीन तपस्या और अनुभव की पूँजी से उत्तरोत्तर समृद्ध, समुन्नत और प्रगतिशील रखते हुए १६५७-५८ ई० में गोरखपुर में वर्तमान विश्वविद्यालय की स्थापना के लिये उदारतापूर्वक विलीनीकृत तत्कालीन महाराणा प्रताप महाविद्यालय को नये रंग रूप में पुनर्जीवित करते हुये उच्च शिक्षा से वंचित ग्रामीण अंचल जंगल धूसड़ में महाराणा प्रताप महाविद्यालय की स्थापना की, जिसने शैक्षणिक गुणवत्ता, संस्कारयुक्त एवं अनुशासित परिसर की स्थापना कर अपनी बेहतरीन साख बनायी है।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्

भारत के स्वाधीनता संग्राम में बाल गंगाधर तिलक का युग समाप्त होते-होते कांग्रेस के नेतृत्व पर प्रश्न चिह्न खड़ा होने लगा था। १९२० ई० के बाद क्रान्तिकारी आन्दोलन ने अलग राह पकड़ी और १९३०-३१ ई० तक आते-आते कांग्रेस के स्पष्ट सहयोग के अभाव में क्रान्तिकारियों का दमन करने में ब्रिटिश हुकूमत सफल रही। १९१५-१६ ई० के बाद इसी काल खण्ड में स्वाधीनता संग्राम की अगुवा कांग्रेस मुस्लिम तुष्टीकरण की भी शिकार हुई। इस युग तक अंग्रेजों द्वारा भारत में अंग्रेजियत में रगे बाबुओं की फौज खड़ी करने की शिक्षा नीति का प्रभाव भी दिखने लगा था। देश के समक्ष एक चुनौती थी कि भारत की नयी पीढ़ी भारतीयता के साँचे में कैसे ढले। अपनी संस्कृति और स्वदेशी दृष्टि से शिक्षा प्रणाली और शिक्षा नीति ही एक मात्र इस चुनौती का समाधान था। इस चुनौती को भी भारतीय मनीषियों ने स्वीकार किया।

महामना मदन मोहन मालवीय के अथक प्रयास से ४ फरवरी १९१६ ई० को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय लोकार्पित हो गया। भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु स्थापित यह विश्वविद्यालय पूरे देश में भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षा पद्धति का एक नया मानक बना और इसी धारा को तत्कालीन युगपरुष गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने आगे बढ़ाते हुए १९३२ ई० में गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की नींव रखी। ब्रिटिश हुकूमत को शिक्षा के भी क्षेत्र में भारतीय मनीषियों द्वारा यह कड़ी चुनौती थी कि भारत अपने पैरों पर खड़ा होने में समर्थ है, वह अपना तंत्र, अपनी शिक्षा, अपनी संस्कृति और अपने मूल्यों की पुनः स्थापना अपनी योजनानुसार करेगा। यह दूरदृष्टि थी कि देश जब आजाद होगा तब तक देश की व्यवस्था चलाने हेतु भारतीय पद्धति के शिक्षा संस्थानों से निकले युवाओं की फौज तैयार मिलेगी।

देश पराधीन था। जनता विपन्न थी। ज्ञान कौशल के अभाव में स्वाभिमान और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की चेतना का जागरण दुष्कर था। महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज अपनी संकल्प शक्ति के बल पर आजादी की लड़ाई के एक प्रमुख शस्त्र के रूप में शैक्षिक क्रान्ति के पथ पर भी आगे बढ़े। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत १९३२ ई० में बक्शीपुर में किराये के एक मकान में 'महाराणा प्रताप क्षत्रिय स्कूल' प्रारम्भ हुआ। १९३५ ई० में इसे जूनियर हाईस्कूल की मान्यता मिल गयी और १९३६ ई० में यहाँ हाईस्कूल की पढ़ाई प्रारम्भ की गयी तथा इसका नाम 'महाराणा प्रताप हाई स्कूल' हो गया। इसी बीच महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के अथक प्रयास से गोरखपुर के सिविल लाइन्स में पाँच एकड़ भूमि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् को प्राप्त हो गयी और महाराणा प्रताप हाईस्कूल का केन्द्र सिविल लाइन्स हो गया तथा देश के आजाद होते समय यह विद्यालय महाराणा प्रताप इण्टरमीडिएट कालेज के रूप में प्रतिष्ठित हुआ।

१९४९-५० ई० में इसी परिसर में महाराणा प्रताप डिग्री कालेज की स्थापना महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् का अगला पड़ाव था। अगस्त १९५८ ई० में महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने महाराणा प्रताप डिग्री कालेज को गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समर्पित किया और विश्वविद्यालय की स्थापना के आधार स्तम्भ बने। वर्तमान गोरखपुर विश्वविद्यालय का वाणिज्य संकाय आज भी उसी महाराणा प्रताप डिग्री कालेज भवन में चल रहा है तथा उसी परिसर में विश्वविद्यालय का एम.बी.ए., शिक्षा शास्त्र एवं वाणिज्य संकाय का नवीन भवन भी स्थित है। तत्पश्चात् महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् ने ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजय नाथ जी महाराज के नाम से वर्तमान दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना की, सम्प्रति यह विश्वविद्यालय परिसर से सटे महानगर का एक अति प्रतिष्ठित महाविद्यालय है।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा वर्तमान में तीन दर्जन से अधिक शिक्षण संस्थाएँ गोरखपुर क्षेत्र में संचालित हो रही है। इनमें गोरखपुर में महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय रामदत्तपुर, श्री गोरक्षनाथ संस्कृत महाविद्यालय गोरखनाथ, दिग्विजयनाथ एल.टी. प्रशिक्षण महाविद्यालय सिविल लाइन्स, महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कालेज सिविल लाइन्स, महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक, महाराणा प्रताप मंगला देवी सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल बेतियाहाता, महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कालेज जंगल धूसड़, श्री गोरक्षनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरखनाथ, महाराणा प्रताप कन्या इण्टर कालेज रामदत्तपुर, महाराणा प्रताप पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामदत्तपुर, महाराणा प्रताप शिशु शिक्षा बिहार रामदत्तपुर, महाराणा प्रताप जूनियर हाईस्कूल लालडिग्गी, दिग्विजयनाथ इण्टर कालेज चौक माफी पीपीगंज, पितेश्वरनाथ जूनियर हाईस्कूल भरोहिया, पीपीगंज, प्रताप आश्रम गोलघर, महाराणा प्रताप मीराबाई महिला छात्रावास सिविल लाइन्स, महन्त दिग्विजयनाथ महिला छात्रावास सिविल लाइन्स, गुरुगोरक्षनाथ संस्कृत छात्रावास गोरखनाथ, महाराणा प्रताप टेलरिंग स्कूल सिविल लाइन्स, गुरू श्री गोरक्षनाथ स्कूल आफ नर्सिंग गोरखनाथ मन्दिर, महायोगी गुरु गोरक्षनाथ योग संस्थान गोरखनाथ मन्दिर, श्री गोरखनाथ आधुनिक व्यायाम शाला गोरखनाथ मन्दिर, योगिराज बाबा गम्भीरनाथ निःशुल्क सिलाई -कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र जंगल धूसड़, हिन्दू विद्यापीठ जंगल तिनकोनिया, महायोगी गुरू श्री गोरक्षनाथ गौ सेवा केन्द्र गोरखनाथ, गुरू श्री गोरक्षनाथ सेवा संस्थान गोरखनाथ एवं योगिराज बाबा गम्भीर नाथ सेवा आश्रम जंगल धूसड़ आदि प्रमुख संस्थाएँ हैं। महराजगंज में गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ महाविद्यालय, चौक बाजार, दिग्विजयनाथ इण्टर कालेज चौक बाजार, दिग्विजयनाथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौक बाजार तथा दिग्विजयनाथ प्राथमिक विद्यालय चौक बाजार प्रमुख शिक्षण संस्थाएँ हैं। शिक्षा परिषद् की एक महत्वपूर्ण संस्था गुरू गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यालय मैदागिन, वाराणसी में स्थित है। चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में गुरु श्रीगोरक्षनाथ चिकित्सालय एवं महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेदिक चिकित्सालय भी गोरखनाथ मन्दिर द्वारा महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत ही संचालित है। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़ इसी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित संस्था है।



महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

गोरक्षपीठाधीश्वर

॥ ओऽम् नमो भगवते गोरक्षनाथाय ॥

☎ (०५५१)
२२५५४५३
२२५५४५४

श्री गोरखनाथ मन्दिर

शुभाशीष

१९३२ ई0 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना गुरूदेव महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में शिक्षा के प्रसार हेतु किया था। उन्होंने अपने द्वारा स्थापित 'महाराणा प्रताप महाविद्यालय' को तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री गोविन्द बल्लभ पन्त के आग्रह पर गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु भूमि-भवन एवं अध्यापक-छात्र सहित सरकार को दे दिया। सम्प्रति गोरखपुर विश्वविद्यालय की नींव पड़ी। उसी स्मृति को पुनर्जीवित करते हुए २००५ ई0 में जंगल धूसड़ में 'महाराणा प्रताप महाविद्यालय' की स्थापना की गई।

यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिमान बनकर उभरा है। महाविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर कक्षाओं का संचालन बढ़ते कदम का परिचायक है। हमें प्रसन्नता है कि महाविद्यालय का सातवाँ बैच स्नातक की शिक्षा तथा तीसरा बैच स्नातकोत्तर की शिक्षा पूरी कर अपने जीवन के अगले सोपान पर कदम रखने के लिए तैयार है। 'समावर्तन संस्कार' के साथ उन्हें महाविद्यालय परिवार 'विदा' करने जा रहा है। मुझे विश्वास है कि महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययन के दौरान यहाँ के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ जो सामाजिक-राष्ट्रीय जीवन की भी शिक्षा एवं प्रेरणा मिली है, उससे उनका मार्ग प्रशस्त होगा। राष्ट्र और समाज को एक योग्य पीढ़ी प्राप्त होगी। मेरा सभी छात्र-छात्राओं को शुभाशीष एवं इस आयोजन के प्रति हार्दिक शुभकामना।

शुभेच्छु

(महन्त अवेद्यनाथ)
सचिव/ मंत्री, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्
अध्यक्ष-प्रबन्ध समिति,
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़

Dr. BHOLENDRA SINGH
M.Com. Ph.D.
Ex. - Vice Chancellor
Poorvanchal University
Jaunpur

☎ : (051) - 2256934
Residence :-
A-64, Surajkund Colony
Gorakhpur-273001

शुभकामना संदेश

गोरक्षपीठ की शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहल अविस्मरणीय है। १६३२ ई0 में ही महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना के साथ शिक्षण संस्थानों की जो शृंखला खड़ी हुई, उसमें महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ की स्थापना उच्च शिक्षा में बढ़ते कदम का अगला पड़ाव था। गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की इच्छा एवं प्रेरणा से स्थापित यह महाविद्यालय नौवाँ वर्ष पूरा करने जा रहा है। इस सत्र में महाविद्यालय से स्नातक शिक्षा प्राप्त कर चुके सातवें 'बैच' एवं स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त कर चुके तृतीय 'बैच' के लिए 'समावर्तन संस्कार' समारोह का आयोजन एक प्रशंसनीय प्रयास है। इस प्रयास की सफलता हेतु मैं महाविद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामना एवं धन्यवाद प्रेषित कर रहा हूँ।

भो. लेन्द्र सिंह

(भोलेन्द्र सिंह)
पूर्व, कुलपति
अध्यक्ष-महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्, गोरखपुर



योगी आदित्यनाथ
संसद सदस्य, लोकसभा
भारत
प्रबन्धक,
महाराणा प्रताप महाविद्यालय,
जंगल धूसड़

शुभकामना संदेश

शिक्षा में गुणवत्ता का गिरता स्तर उच्च शिक्षा के समक्ष एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। उच्च शिक्षा परिसरों में अराजकता, अपराधियों का बढ़ता प्रभाव, राजनीतिक दलों का सक्रिय हस्तक्षेप और शिक्षा संस्कृति का निरन्तर ह्रास गम्भीर चिंता का विषय है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में गुणवत्तायुक्त, युगानुकूल और भारतीय संस्कृति केन्द्रित शिक्षा के प्रसार हेतु महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने की थी। उपर्युक्त विषम परिस्थितियों में चुनौती को स्वीकार करते हुए महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा महाराणा प्रताप महाविद्यालय की स्थापना २००५ ई० में की गयी। शीघ्र ही इस महाविद्यालय ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करायी। पूरे सत्र में १८० दिन पढ़ाई, १४ फरवरी तक पाठ्यक्रम पूर्ण कर लेने, सप्ताह में एक दिन की कक्षा छात्र-छात्राओं द्वारा पढ़ाये जाने, सरस्वती वन्दना, प्रार्थना, राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ महाविद्यालय की प्रतिदिन की दिनचर्या शुरू करने, विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा का आयोजन, सप्ताह में एक दिन स्वैच्छिक श्रमदान, विद्यार्थियों का मासिक मूल्यांकन, विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों का मूल्यांकन, कक्षाध्यापन में अद्यतन तकनीकों का प्रयोग जैसे नये-नये प्रयोगों के साथ इस महाविद्यालय ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय ख्याति अर्जित की है।

छात्रसंघ की संरचना में नया प्रयोग एवं प्रशासनिक व्यवस्था में छात्र सहभाग की योजना प्रशंसनीय है। यदि ये प्रयोग सफल हुये तो निश्चय ही यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक मानक महाविद्यालय के रूप में जाना जायेगा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के उद्देश्यों के अनुरूप शिक्षा के साथ संस्कार का प्रयास भी सराहनीय है। 'गाउन' के स्थान पर भारतीय वेश-भूषा में 'समावर्तन संस्कार' समारोह का आयोजन भी शिक्षा परिसर में भारतीय संस्कृति की पुनर्स्थापना का महत्वपूर्ण प्रयास है। 'समावर्तन संस्कार' समारोह की सफलता एवं वर्तमान सत्र में स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा पूर्ण कर अपनी जीवन यात्रा के पथ पर निरन्तर अग्रसर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मेरी हार्दिक शुभकामना।

(योगी आदित्यनाथ)
सह सचिव, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद
मंत्री-प्रबन्ध समिति,
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़



प्रो0 यू0 पी0 सिंह
पूर्व कुलपति
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय
जौनपुर (उ.प्र.)

शुभकामना संदेश

गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन पूज्य महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने १९३२ ई0 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की। शिक्षा के प्रसार को लोक जागरण और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का सशक्त माध्यम स्वीकार करते हुए दिग्विजयनाथ जी महाराज ने शैक्षिक दृष्टि से अत्यन्त पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत प्राथमिक से लेकर उच्च एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों की शृंखला खड़ी की। तत्पश्चात् गोरक्षपीठाधीश्वर पूज्य महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की देख-रेख में शिक्षा के क्षेत्र में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा स्थापित तत्कालीन महाराणा प्रताप डिग्री कालेज में १९५५ से १९५८ ई0 तक कार्य करने का मुझे सुअवसर मिला। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ की स्थापना शिक्षा परिषद् के इसी बढ़ते क्रम में हुई।

अपने अल्प समय में ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस महाविद्यालय को पर्याप्त यश मिला है। नित नये प्रयोगों, अनुशासन, गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के कारण यह महाविद्यालय प्रशंसित हुआ है। हमें विश्वास है कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय भारतीय संस्कृति के विकास का प्रयास जारी रखेगा। महाविद्यालय के सप्तम् 'समावर्तन संस्कार' समारोह के आयोजन पर महाविद्यालय परिवार को हमारी हार्दिक शुभकामना।

उ० प्र० सिंह

(यू.पी. सिंह)
उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्
उपाध्यक्ष-प्रबन्ध समिति,
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़

मुख्य अतिथि



न्यायमूर्ति कलाधर शाही
अ.प्रा. न्यायाधीश
उच्च न्यायालय (उ.प्र.)
पूर्व न्यायिक सलाहकार, पी.आई.सी.यू.पी.
निदेशक, यूनिसन स्कूल ऑफ लॉ, देहरादून

शुभकामना संदेश

गोरक्षपीठ द्वारा स्थापित पूर्वी उत्तर प्रदेश में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर्वाधिक अग्रणी एवं प्रतिष्ठित संस्था महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित जंगल धूसड़ में स्थित महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय देश के प्रतिष्ठित कुछ उच्च शिक्षण संस्थानों में एक है, जहाँ पाठ्यक्रमों के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति एवं समाज सेवा का पाठ पढ़ाया जाता है। गोरखपुर से मेरा निकट का सम्बन्ध है। गोरखपुर में आता-जाता रहता हूँ। मैंने यहाँ के लोगों का मानस पढ़ा है। मैं यह जानता हूँ कि इस क्षेत्र के लोगों के बीच महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर एक 'प्रतिमान' महाविद्यालय के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुका है। यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा की एक ऐसी प्रयोगशाला है, जहाँ अध्ययन-अध्यापन के नित-नूतन प्रयोग के साथ न केवल विद्यार्थी गढ़े जाते हैं अपितु यह आदर्श शिक्षकों की नर्सरी भी है। महाविद्यालय प्रशासन में छात्र-सहभाग, शिक्षकों का विद्यार्थियों द्वारा मूल्यांकन तथा विद्यार्थियों द्वारा कक्षाध्यापन का प्रयोग उच्च शिक्षा में निःसन्देह नये प्रतिमानों की स्थापना का सफल प्रयास ही है।

आत्म विस्मृति की शिकार भारतीय शिक्षा जगत में 'गाउन' की जगह भारतीय परिधान में 'समावर्तन संस्कार' का आयोजन भारतीय संस्कृति के जीवन-मूल्यों का युवा पीढ़ी को संदेश देने का एक अभिनव प्रयास है। महाविद्यालय परिवार को समावर्तन संस्कार समारोह के आयोजन एवं विद्यार्थियों के सफलतम जीवन की हार्दिक शुभकामना।

कलाधर शाही
अ.प्रा. न्यायाधीश
उच्च न्यायालय (उ.प्र.)

मुख्य अतिथि

न्यायमूर्ति कलाधर शाही

रत्नगर्भा भारत माता की कोख से उत्पन्न न्याय के क्षेत्र में अविस्मरणीय उपलब्धि हासिल करने वाले न्यायमूर्ति कलाधर शाही जी का जन्म गोरखपुर जनपद के बांसगांव में आज से ७४ वर्ष पूर्व स्व० रघुवीर शाही जी के घर हुआ। आप प्रारम्भ से ही मेधावी छात्र रहे। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप इण्टर कालेज, सिविल लाईन्स, गोरखपुर में इण्टर तक की शिक्षा प्राप्त कर १९६० में आपने गोरखपुर विश्वविद्यालय से विधि स्नातक का स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा अपनी अतूल्य प्रतिभा के कारण १९६४ में ही उत्तर प्रदेश प्रादेशिक न्याय सेवा में मुंसफ का पद ग्रहण किया। अपनी विलक्षण कार्य पद्धति के कारण १९७७ में ही आपकी उ० प्र० उच्च न्यायिक सेवा में प्रोन्नति हो गयी। शिक्षा के प्रति अपनी ललक के कारण सेवाकाल में ही आपने लखनऊ विश्वविद्यालय से १९८० में विधि परास्नातक की उपाधि प्राप्त की।

प्रारम्भ से ही न्यायमूर्ति कलाधर शाही जी अपनी अनूठी कार्य पद्धति, अपने सहज एवं सरल व्यक्तित्व तथा ज्ञान मण्डित विनम्रता के कारण अत्यन्त लोकप्रिय रहे। न्यायिक क्षेत्र में इनकी प्रतिभा तथा मेधा इनकी उपलब्धियों से प्रमाणित हो चुकी थी। १९८६ से १९८९ तक आपने देश की सर्वोच्च वित्तीय संस्था PICUP के न्यायिक सलाहकार के रूप में भी कार्य किया। इसके पश्चात आपने हरिद्वार, फतेहपुर, सीतापुर तथा वाराणसी इत्यादि जनपदों में जिला जज के रूप में भी अपनी सेवाएँ प्रदान की। १९९७ में आप माननीय उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति के रूप में आसीन हुए।

न्यायिक सेवा से अवकाश लेने के पश्चात भी आप राष्ट्र को अपनी सेवाएँ निरन्तर दे रहे हैं। आपने सन् २००० से २००१ तक भारत सरकार के डीलर सेलेक्शन बोर्ड (पेट्रोलियम)के अध्यक्ष के रूप में तथा २००२ में उ० प्र० डिटेन्शन एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य के रूप में भी कार्य किया है। आप उत्तरांचल राज्य के उपभोक्ता मामलों से सम्बन्धित आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्तमान में आप यूनिसन स्कूल ऑफ लॉ, देहरादून, उत्तराखण्ड के निदेशक हैं।

प्रारम्भ से ही भारत की राष्ट्रीय एवं सामाजिक समस्याओं पर न्यायमूर्ति कलाधर शाही जी की पैनी नजर रहती है और इन समस्याओं के समाधान के वे मौलिक चिन्तक भी हैं। आपने पूर्वांचल की शिक्षा समस्याओं को देखते हुए बांसगांव में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जवाहर लाल नेहरु परास्नातक महाविद्यालय की स्थापना की। शिक्षा के क्षेत्र में आपकी रुचि के कारण ही आपने गढवाल विश्वविद्यालय, गोरखपुर विश्वविद्यालय, शारदा विश्वविद्यालय, ICFAI विश्वविद्यालय तथा उत्तरांचल तकनीकी विश्वविद्यालय सहित अनेकों शैक्षिक संस्थाओं में भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

वस्तुतः आप एक विचारक तथा मौलिक चिन्तक हैं। आपकी सिविल, उपभोक्ता तथा फौजदारी के मामलो से सम्बन्धित अनेकों लोकप्रिय पुस्तकें प्रकाशित हैं। जिन्हें पढ़कर देश भर में अकादमिक क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग आपके प्रंशसक है।

आज समावर्तन संस्कार समारोह में ऐसे समाजसेवी, राष्ट्रभक्त, भारतमाता की सेवा में सम्पूर्ण जीवन होम करने वाले मनीषी को मुख्य अतिथि के रूप में पाकर महाविद्यालय परिवार अत्यन्त हर्षित, आह्लादित एवं गौरवान्वित है।

दो शब्द ...

विद्याभारती द्वारा संचालित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् [illegible] के रूप में गोरखपुर महानगर के पूर्वी छोर पर अवस्थित परिसर में [illegible] महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय अपनी यात्रा के [illegible] वर्ष पूर्ण कर रहा है। महाविद्यालय का [illegible] स्नातकोत्तर महाविद्यालय [illegible] एवं [illegible] पाठ्यक्रम, शिक्षा पूर्ण कर इस वर्ष विश्वविद्यालयीय परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने जीवन यात्रा के अगले पड़ाव पर जाने हेतु तैयार हैं। भारत के [illegible] स्नातक, स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त [illegible] और ऐसे आर्थिक, [illegible] दृष्टि [illegible] हमारे महाविद्यालय का भी [illegible] योगदान है। हमारे इन विद्यार्थियों के जीवन के तीन वर्ष का यह [illegible] हमारे महाविद्यालय परिवार से जुड़ा है। महाविद्यालय परिवार में बीते इन वर्षों का हमारे इन विद्यार्थियों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा, यह तो विद्यार्थी स्वयं एवं समाज [illegible] और यही हमारी [illegible] होगी।

आज का समावर्तन संस्कार समारोह इस बात का सूचक है कि हम अपने विद्यार्थियों को एक योग्य नागरिक के रूप में देखना चाहते हैं। वर्तमान में भारत की शिक्षित युवा पीढ़ी का अधिकांश हिस्सा [illegible] पाश्चात्य संस्कृति के आकर्षण के [illegible] हुआ है। [illegible] भारतीय राजनीति ने भारतीय धर्म, संस्कृति को [illegible] का चोला पहनाकर उसके [illegible] पर [illegible] का आवरण चढ़ा दिया है। [illegible] सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की डोर कमजोर हुई है। परिवार संस्था भी कमजोर हो रही है। [illegible] जा रहे हैं। [illegible] के रूप में असन्तुलित विकास का [illegible] है। [illegible], अलगाववाद, [illegible] निरन्तर प्रभावहीन होते भारतीय जीवन-मूल्य के ही सूचक हैं।

किसी भी राष्ट्र का वर्तमान और भविष्य उस देश की शिक्षा प्रणाली और उसके स्वरूप पर निर्भर करता है। डॉ. [illegible] कोठारी इसी बात को कह रहे थे कि 'भारत का भविष्य कक्षाओं में पलता है'। किन्तु भारत का दुर्भाग्य है कि आजादी के [illegible] वर्ष बाद भी हम मैकाले के युग से शिक्षा को आजाद नहीं करा पाये। मैकाले द्वारा प्रतिपादित शिक्षा नीति आज तक प्रभावी है और उसके उद्देश्य 'अंग्रेजी शिक्षा व विचारों के प्रभाव से ऐसे भारतीय पैदा करना जो बौद्धिक दृष्टि से गुलाम हों' - को पूरा करने में ही लगी हुई है। 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' के नाम पर भारत की सत्ता देश की युवा पीढ़ी को गुमराह करने वाली शिक्षा पद्धति की ही प्रतिस्थापक है। किन्तु मैकाले की शिक्षा नीति और स्वतन्त्र भारत के सत्ताधीशों द्वारा शिक्षा के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों की अर्थी सजाने पर [illegible] रहने से क्या होने वाला है? इस शिक्षा प्रणाली में, जितना सम्भव है उसके प्रभावों को, कुछ शिक्षण संस्थाएं ही तो कहीं निष्फल कर सकती हैं और भारतीय संस्कृति एवं जीवन-मूल्य के प्रति कोई भी समूह ही नहीं, युवाओं में [illegible] जागृत कर सकते हैं।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना परतन्त्र भारत में (१९३२ ई.) तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने उपर्युक्त उद्देश्यों से ही की थी। भारतीय संस्कृति और उसके जीवन मूल्यों तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति भारत की युवा पीढ़ी को आकर्षित करने के प्रयास के साथ प्रतिष्ठित एवं विकसित होता हुआ महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय [illegible] ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं उनकी यशस्वी परम्परा के सपनों को पूरा करने में कहाँ तक सफल है, इसका मूल्यांकन [illegible] और समाज करेगा तथापि 'समावर्तन संस्कार समारोह' हमारे वैचारिक अभियान का ही हिस्सा है। हिन्दू जीवन दर्शन के षोडश संस्कारों में 'समावर्तन संस्कार' का मानव जीवन के संस्कारों में महत्वपूर्ण स्थान है। आज के अवसर पर अपने विद्यार्थियों के यशस्वी जीवन की हार्दिक शुभकामना। मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थियों की जीवनयात्रा में महाविद्यालय परिवार का [illegible], यथार्थ किसी न किसी रूप में अवश्य झलकता रहेगा।

फाल्गुन शुक्ल नवमी, विक्रम संवत् २०७०
युगाब्द ५११५ (१० मार्च, २०१४ ई.)

(प्रदीप कुमार राव)
प्राचार्य

महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम (सत्र : २०१३-१४)

महाविद्यालय में पौधरोपण :

७ जुलाई २०१३ को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ० प्रदीप राव, डॉ० विजय कुमार चौधरी, एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कविता मन्ध्यान एवं श्री लोकेश प्रजापति ने ५० पौधे लगाकर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा पौधरोपण किया गया।

महाविद्यालय में पौधरोपण

सत्रारम्भ :

महाविद्यालय के शैक्षिक पञ्चांग के अनुसार १६ जुलाई से स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य भाग दो एवं तीन तथा स्नातकोत्तर स्तर पर रसायन शास्त्र एवं प्राचीन इतिहास अन्तिम वर्ष की कक्षायें प्रारम्भ की गई। १ अगस्त से स्नातक एवं स्नातकोत्तर भाग एक की कक्षायें प्रारम्भ हुई।

नवागन्तुक स्वागत समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राएं

नवागन्तुक स्वागत समारोह :

१ अगस्त को प्रथम वर्ष के सभी छात्र एवं छात्राओं के स्वागत हेतु द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्वागत समारोह में रैगिंग जैसी अमानवीय कृत्यों से विगत वर्षों की भाँति परिसर वातावरण को अक्षुण्ण बनाये रखने का संकल्प लिया गया। समारोह का आयोजन महाविद्यालय के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

विशिष्ट व्याख्यान :

२१ जुलाई २०१३ को महाविद्यालय में गुरु श्री गोरक्षनाथ शोध एवं अध्ययन केन्द्र तथा भारतीय इतिहास संकलन समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'सरस्वती नदी की गोद में भारतीय सभ्यता का उदय' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय पुरातत्व संस्थान के निदेशक प्रो०के०एन० दीक्षित एवं अध्यक्ष के रूप में प्रसिद्ध पुरातत्त्ववेत्ता प्रो० शिवाजी सिंह उपस्थित थे। व्याख्यान का संचालन श्री सुबोध मिश्र एवं आभार प्राचार्य डॉ० प्रदीप राव ने किया।

व्याख्यान देते हुए प्रो. शिवाजी सिंह

देश विभाजन की पूर्व सन्ध्या पर व्याख्यान :

देश विभाजन की पूर्व सन्ध्या पर १३ अगस्त को प्रतिवर्ष की भाँति 'भारत विभाजन के गुनहगान कौन' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय महामन्त्री श्री हरेन्द्र प्रताप थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान पी.जी. कालेज सेवरही के पूर्व प्राचार्य डॉ० वेद प्रकाश पाण्डेय तथा संचालन श्री पुरुषोत्तम पाण्डेय ने किया ।

देश विभाजन की पूर्व संध्या पर आयोजित व्याख्यान

शिक्षक संघ चुनाव :

१४ अगस्त को महाविद्यालय में शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष डॉ० विजय कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष श्री सुभाष कुमार गुप्ता, महामन्त्री श्री श्रीकान्त मणि त्रिपाठी एवं कोषाध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम पाण्डेय निर्वाचित हुए। चुनाव में महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने मतदान किया। चुनाव अधिकारी प्राणि विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. आर.एन. सिंह रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह

स्वतन्त्रता दिवस समारोह :

स्वतन्त्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व १५ अगस्त को महाविद्यालय में उत्साहपूर्वक ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत देश-प्रेम से ओत-प्रोत प्रस्तुतियाँ एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान के प्रति जागरूकता से सम्बन्धित कार्यक्रमों के पश्चात् वन्देमातरम् के साथ समारोह सम्पन्न हुआ ।

ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति व्याख्यान-माला :

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की स्मृति में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी १७ अगस्त से २३ अगस्त २०१३ तक साप्ताहिक व्याख्यान-माला का आयोजन किया गया। १७ अगस्त को इस साप्ताहिक व्याख्यान माला के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष एवं ख्यातिलब्ध साहित्यकार डॉ० कन्हैया सिंह, कार्यक्रम के अध्यक्ष गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी सदर सांसद पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज, मुख्य वक्ता वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो० उदय प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास विभाग के प्रवक्ता श्री सुबोध मिश्र तथा आभार ज्ञापन प्राचार्य डॉ० प्रदीप राव ने किया।

व्याख्यान माला के उद्घाटन सत्र में अतिथि





व्याख्यान प्रस्तुत करते डॉ. संतोष शुक्ल जी

१८ अगस्त :

साप्ताहिक व्याख्यान-माला के दूसरे दिन, ''दक्षिण पूर्व एशिया और भारत-अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध के सन्दर्भ में'' विषय पर मुख्य वक्ता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० सन्तोष शुक्ला ने अपना शोधपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान का संचालन कालेज के छात्र श्री मनीष त्रिपाठी तथा आभार ज्ञापन रसायनशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ० प्रदीप वर्मा ने किया।

१९ अगस्त :

साप्ताहिक व्याख्यान माला के तीसरे दिन, ''सामाजिक पुनर्जागरण में नाथ पंथ की भूमिका'' विषय पर उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष डॉ० कन्हैया सिंह ने अपना शोध व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान का संचालन एम०एस-सी० द्वितीय वर्ष ने छात्र श्री प्रदीप पाण्डेय एवं आभार ज्ञापन वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक श्री मनीष कुमार ने किया।

व्याख्यान प्रस्तुत करते डॉ. कन्हैया सिंह जी

२० अगस्त :

साप्ताहिक व्याख्यान माला के चौथे दिन ''स्वामी विवेकानन्द एवं भारतीय युवा'' विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो० एस० सी० बोस ने अपना शोधपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के छात्र श्री मनु कुमार सैनी तथा आभार ज्ञापन प्राचार्य डॉ० प्रदीप राव ने किया।

२१ अगस्त :

साप्ताहिक व्याख्यान-माला के पाँचवें दिन ''भारत नेपाल सम्बन्ध : वर्तमान परिप्रेक्ष्य में'' विषय पर मुख्य वक्ता भारत नेपाल सम्बन्धों के विशेषज्ञ श्री अजीत कुमार ने अपना शोधपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान का संचालन महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग के प्रवक्ता डॉ० शशिकान्त सिंह एवं आभार ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग के प्रवक्ता डॉ० अजय बहादुर सिंह ने किया।

व्याख्यान-माला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि

२३ अगस्त :

साप्ताहिक व्याख्यान-माला के समारोप के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वायु सेना के पूर्व एयर वाइस मार्शल श्री विश्वमोहन तिवारी ने अपने विचार रखे । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कुलपति एवं उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो० राम अचल सिंह ने की। समारोह का संचालन छात्र संघ उपाध्यक्ष श्री राहुल शर्मा तथा आभार ज्ञापन प्राचीन इतिहास विभाग के प्रभारी श्री लोकेश कुमार प्रजापति ने किया ।

राष्ट्रीय सेवा योजना की एक दिवसीय कार्यशाला :

महाविद्यालय में 1 सितम्बर 2013 को राष्ट्रीय सेवा योजना की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० प्रदीप राव, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कविता मन्ध्यान एवं श्री लोकेश प्रजापति ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की गुरु गोरक्षनाथ इकाई एवं महाराणा प्रताप इकाई के स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहीं।



राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय कार्यशाला मे उपस्थित विद्यार्थी

शिक्षक दिवस :

महाविद्यालय में शिक्षक दिवस विद्यार्थी कक्षाएं पढ़ाकर मनाते हैं। ५ सितम्बर को कक्षाएं विद्यार्थियों द्वारा पढ़ाई गईं तत्पश्चात रसायनशास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर शिक्षक छात्र सम्बन्ध पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० प्रदीप राव, भूगोल विभाग प्रभारी डॉ० विजय कुमार चौधरी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री लोकेश कुमार प्रजापति, डॉ० राजेश शुक्ला एवं श्री अरविन्द शुक्ला ने अपने विचार रखे । कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एम.एस-सी. के छात्र श्री प्रदीप पाण्डेय तथा प्रस्ताविकी श्री मनीष कुमार त्रिपाठी ने रखी।



शिक्षक दिवस पर कक्षा पढ़ाता विद्यार्थी

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस :

८ सितम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने एक जन जागरूकता रैली निकाली । यह रैली महाविद्यालय परिसर से निकलकर ग्राम-मंझरिया एवं हसनगंज होते हुए महाविद्यालय परिसर पहुँची। इस अवसर पर एक गोष्ठी भी आयोजित की गई।

कर्मचारी संघ चुनाव :

१२ सितम्बर को महाविद्यालय में कर्मचारी संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष श्री संजय कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष श्री लालसा महामन्त्री श्री जोगिन्दर एवं कोषाध्यक्ष श्री रामरतन चुने गये।

हिन्दी दिवस :

१४ सितम्बर को महाविद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य परिचालन प्रबन्धक श्री रणविजय सिंह एवं मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश शासन में विशेष सचिव श्री यशवन्त राव ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग उ० प्र० के पूर्व सदस्य और अंग्रेजी साहित्यकार प्रो० अमर सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र के प्रवक्ता श्री पुरुषोत्तम पाण्डेय और आभार ज्ञापन डॉ० अजय बहादुर सिंह ने किया ।

श्री रणविजय सिंह, प्रो. अमर सिंह एवं श्री यशवन्त राव

पुरातन छात्र परिषद् का चुनाव

पुरातन छात्र परिषद् :

महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ७ अक्टूबर को पुरातन छात्र परिषद् का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष श्री राकेश कुमार, उपाध्यक्ष श्री सचिन कुमार चौहान, महामंत्री पद पर श्री चन्द्रभान कुमार एवं सहमंत्री श्री अनुराग शाह चुने गये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव की उपस्थिति में सम्पन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद श्री राकेश मौर्य ६१ वोटों से उपाध्यक्ष श्री सचिन चौहान ३५ वोटों से महामंत्री श्री चन्द्रभान कुमार ३४ वोटों से तथा सहमंत्री श्री अनुराग शाह ८ वोटों से विजयी घोषित किये गये। के सदस्य के रूप में श्री नागेश राज पाण्डेय, श्री अविनाश यादव, श्री सुधीर कुमार गुप्ता, श्री विशाल गुप्ता, श्री अमित कुमार गुप्ता, श्री कर्णनाथ पासवान तथा दिवाकर सिंह चुने गये।

रक्तदान शिविर :

महाविद्यालय में ६ अक्टूबर को गुरु श्रीगोरक्षनाथ चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर में ४५ छात्रों एवं ६ शिक्षकों ने रक्तदान किया।

रक्त दान करते महाविद्यालय के शिक्षक

संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस :

महाविद्यालय में २४ अक्टूबर २०१३ को संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग के प्रवक्ता डॉ० शुभांशु शेखर सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री लोकेश कुमार प्रजापति ने एवं आभार ज्ञापन श्रीमती कविता गन्धान ने किया।

छात्र संघ चुनाव के पश्चात उल्लास में विद्यार्थी

छात्र संघ चुनाव :

महाविद्यालय में ३१ अक्टूबर २०१३ को प्रतिवर्ष की भाँति छात्र संघ चुनाव सम्पन्न हुए । इस बार छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया एवं अन्य पदों पर छात्राओं ने बाजी मारी। अध्यक्ष पद पर श्री सुजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पद पर सुश्री रीना चौधरी एवं महामन्त्री पद पर सुश्री सृष्टि सिंह का निर्वाचन हुआ।

स्थापना सप्ताह समारोह :

महाविद्यालय ने इस वर्ष प्रथम बार अपने स्थापना सप्ताह समारोह के अन्तर्गत विद्यार्थियों के चतुर्दिक विकास को ध्यान में रखते

हुए विभिन्न प्रतियोगितों का आयोजन किया। इसके अन्तर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, प्रश्न मंच प्रतियोगिता, हिन्दी-अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता के साथ हिन्दी भाषा के निबन्ध की भी प्रतियोगिता आयोजित की गई ।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता :

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता ७ नवम्बर को सम्पन्न हुई। जिसके संयोजक श्री पुरुषोत्तम पाण्डेय, डॉ० सुनील कुमार मिश्र एवं श्री अमित कुमार मिश्र रहे। इस प्रतियोगिता में कुल १२५ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रथम स्थान श्री मनोज कुमार चौहान, द्वितीय स्थान श्री पंकज कुमार यादव तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से श्री सुजीत कुमार सिंह, श्री पुष्पेन्द्र कुमार, श्री योगेन्द्र कुमार एवं श्री संदीप कुमार को प्राप्त हुआ।

हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागी

कम्प्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता :

७ नवम्बर को ही कम्प्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का भी अयोजन किया गया जिसके संयोजक श्री विरेन्द्र तिवारी तथा श्री संजय तिवारी थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु० प्रगति तथा द्वितीय स्थान श्री अनुज कुमार मौर्या तथा तृतीय स्थान श्री आदित्य कुमार को प्राप्त हुआ।

अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता :

८ नवम्बर को अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसकी संयोजिका श्रीमती कविता मन्ध्यान थी। इसमें प्रथम स्थान श्री अनिल कुमार सिंह, द्वितीय स्थान श्री अनिल कुमार एवं तृतीय स्थान सुश्री अणिमा पाठक को प्राप्त हुआ।

हिन्दी भाषण प्रतियोगिता :

९ नवम्बर को हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके संयोजक डॉ० अविनाश प्रताप सिंह एवं डॉ० आरती सिंह थीं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री शुभम् कुमार, द्वितीय स्थान श्री रामेश्वर मणि तथा तृतीय स्थान श्री अनिल कुमार को प्राप्त हुआ।

प्रश्न मंच प्रतियोगिता :

११ नवम्बर को प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता के संयोजक श्री पुरुषोत्तम पाण्डेय, डॉ० सुनील कुमार मिश्र एवं श्री अमित कुमार मिश्र थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री मनोज चौहान, द्वितीय स्थान श्री अमन चौहान एवं तृतीय स्थान श्री किशन देव निषाद को प्राप्त हुआ।

प्रश्नमंच प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यार्थी

महारानी लक्ष्मीबाई जयन्ती पर उद्बोधन देती डॉ. शालिनी चौधरी

हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता :

१२ नवम्बर को महाविद्यालय में हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ० अविनाश प्रताप सिंह रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री रामेश्वर मणि द्वितीय स्थान कुमारी प्राची शर्मा एवं तृतीय स्थान श्री सिद्धार्थ कुमार द्विवेदी को प्राप्त हुआ।

महामना मदनमोहन मालवीय पुण्य तिथि समारोह :

महाविद्यालय में १२ नवम्बर २०१३ को महामना मदनमोहन मालवीय पुण्य तिथि समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अर्थशास्त्र प्रभारी श्री पुरुपोत्तम पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी श्री लोकेश कुमार प्रजापति एवं आभार ज्ञापन स्वयं सेविका सुश्री मीनाक्षी शर्मा ने किया।

महारानी लक्ष्मीबाई जयन्ती :

महाविद्यालय में १६ नवम्बर २०१३ को महारानी लक्ष्मीबाई जयन्ती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ० शालिनी चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कविता मन्ध्यान द्वारा किया गया।

महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता

वार्षिक क्रीड़ा समारोह :

महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन २३ व २४ नवम्बर २०१३ को हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के अन्तरमहाविद्यालयी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम दिवस २३ नवम्बर को अन्तरमहाविद्यालयी वॉलीबाल, कबड्डी एवं बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन २४ नवम्बर को अन्तरमहाविद्यालयी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें १०० मी० एवं ८०० मी० की दौड़ सम्मिलित थी। इसके अतिरिक्त गोला फेंक, जैबलिन थ्रो, ऊंची कूद तथा लम्बी कूद का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक श्री संजय कुमार शर्मा तथा श्री झब्बर शर्मा रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दिया।

वार्षिक क्रीड़ा समारोह में प्रतिभागी

विश्व एड्स दिवस पर महाविद्यालय द्वारा निकाली गयी रैली

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता :

छात्र संघ द्वारा २२ दिसम्बर को लिखित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कुल १५३ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रथम स्थान श्री संतोष कुमार प्रजापति द्वितीय स्थान श्री अमन कुमार चौहान एवं तृतीय स्थान श्री सिद्धार्थ कुमार द्विवेदी ने प्राप्त किया। गणतंत्र दिवस समारोह पर इन्हें पुरस्कृत किया गया।

विश्व एड्स दिवस :

महाविद्यालय में १ दिसम्बर एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा एक जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया, जो महाविद्यालय परिसर से होते हुए ग्राम मंझरिया, छोटी रेतवहिया एवं जंगल धूसड़ होते हुए महाविद्यालय आकर समाप्त हुई । इसके पश्चात महाविद्यालय में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें एड्स के सन्दर्भ में स्वयं सेवक/सेविकाओं के मध्य एक स्वस्थ परिचर्चा हुई।

शोभा यात्रा में छात्र-छात्राएं

संस्थापक समारोह ४-१० दिसम्बर :

प्रतिवर्ष की भाँति ४ से १० दिसम्बर तक महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् संस्थापक समारोह का आयोजन हुआ। सप्ताह भर चले इस भव्यतम आयोजन में महाविद्यालय की यथासम्भव सक्रियता रही। ४ दिसम्बर को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह के उद्घाटन समारोह में निकाली जाने वाली शोभा-यात्रा में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस वर्ष विद्यार्थियों द्वारा महंगाई, वन्दे मातरम् दल के अतिरिक्त सांस्कृतिक धरोहर एवं पर्यावरण से सम्बन्धित ज्वलन्त मुद्दों पर मनमोहक झाँकियों का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभा-यात्रा में सर्वश्रेष्ठ अनुशासन एवं पथ संचलन का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ ।

पुरस्कार एवं योग्यता छात्रवृत्ति :

